माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान

अजमेर-305001(राज.)

दूरभाष : 0145-2420597(कार्या.)

अरविन्द कुमार सेंगवा
आर.ए.एस
सचिव

क्रमांक : 6776

दिनाक: 1-7-2021

समस्त जिला शिक्षा अधिकारी,
माध्यमिक (मुख्यालय)
.... राजस्थान)

विषय–उच्च माध्यमिक प्रायोगिक परीक्षा–2021 बाबत।

महोदय / महोदया,

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि इस कार्यालय द्वारा जारी आदेश क्रमांक माशिबो / गोप / 2021 / 2371 दिनांक 15.04.2021 को बोर्ड की उच्च माध्यमिक प्रायोगिक परीक्षायें स्थगित कर दी गई थी। राज्य सरकार से प्राप्त आदेश क्रमांक प.3(4) / शिक्षा–6 / 2021 दिनांक 25.06.2021 एवं आदेश क्रमांक प. 3(4) / शिक्षा–6 / 2021 दिनांक 30.06.2021 के संदर्भ में बोर्ड की कक्षा 12 की शेष रही प्रायोगिक परीक्षायें 10–10 विद्यार्थियों के बेच बनाकर कोविड प्रोटोकॉल की पालना करते हुए विद्यालय स्तर पर परीक्षा लिये जाने की स्वीकृति प्रदान की जाती हैं। अतः आप अपने अधीनस्थ विद्यालयों को तदानुसार कोविड प्रोटोकॉल की पालना करते हुये, प्रायोगिक परीक्षायें सम्पन्न कराकर, परीक्षार्थियों के प्राप्तांक, ऑनलाईन पूर्व की भाँति अपलोड करें। बोर्ड को 08 जुलाई, 2021 तक आवश्यक रूप से प्रायोगिक परीक्षाएँ सम्पन्न करना सुनिश्चित करावें, सभी विषयाध्यापक प्रायोगिक परीक्षा सम्पन्न होने के उपरान्त 24 घंटे में प्राप्तांक निश्चित रूप से ऑनलाईन करें। जिन विद्यालयों द्वारा उनके विद्यार्थियों की प्रायोगिक परीक्षायें सम्पन्न करवा ली किन्तु, बोर्ड को पूर्व में किसी कारण अंक ऑनलाईन अपलोड नहीं किये है ऐसे विद्यालय भी प्राप्तांक शीघ्र ऑनलाईन करें।

जो विद्यार्थी विद्यालय द्वारा आयोजित प्रायोगिक परीक्षा में किसी कारण से पूर्व में सम्मिलित नहीं हुआ है, ऐसे परीक्षार्थी की भी प्रायोगिक परीक्षा उसी विद्यालय में उक्त निर्धारित अवधि में ही सम्पन्न कराकर अंक ऑनलाईन "Fill Practical Marks में New Candidate Option" लिंक पर अपलोड करावें। उक्त निर्धारित अवधि के पश्चात् यदि कोई छात्र अनुपस्थित रहता है तो उस परीक्षार्थी को अनुपस्थित मान कर परिणाम घोषित कर दिया जाएगा, जिसकी समस्त जिम्मेदारी छात्र एवं शाला प्रधान की होगी।

प्रायोगिक परीक्षाएँ सम्पन्न कराने के दौरान कोई जानकारी / समस्या हो तो निम्न अधिकारियों से सम्पर्क किया जा सकता है :–

1. श्री मंघाराम तोलानी, उप निदेशक–गोपनीय, 9413779590
2. श्री रमेश चन्द जैन, सहायक निदेशक–गोपनीय, 9828177431

1/7/2021
सचिव